**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 152/08/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/07-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 16 जुलाई, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2026, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/08 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के कुल 2285 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 29.05.2026 तथा आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 18.06.2026 थी। तदुपरान्त आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 29.05.2026 द्वारा पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन विभिन्न प्रकार के कुल 231 पदों को सम्मिलित किये जाने की सूचना प्रकाशित की गयी थी।

तदुपरान्त आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 17.06.2026 द्वारा उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर के नियंत्रणाधीन सहायक प्रबन्धक (गैर तकनीकी) के पूर्व में विज्ञापित कुल रिक्त 134 पदों के स्थान पर संशोधित पदों की संख्या 181 किये जाने व उक्त के साथ ही प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त पंचायतीराज विभाग के नियंत्रणाधीन कर अधिकारी के 24 पदों को सम्मिलित किये जाने तथा प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अन्तिम तिथि 25.06.2026 तक विस्तारित किए जाने की सूचना प्रकाशित की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभिन्न प्रकार के कुल रिक्त 2587 पदों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 100492 अभ्यर्थियों के परिणाम व कट-ऑफ को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2026, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/08 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 100492 अभ्यर्थियों का परिणाम व कट ऑफ (01 पृष्ठ) आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक-यथोपरि।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
संख्याः– 610 /गोपन अनुभाग/1/09/2026
लखनऊः दिनांक 16 जुलाई, 2026

## कट–ऑफ

आयोग के विज्ञापन संख्या–07–परीक्षा/2026, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0–2025)/08 के अन्तर्गत के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन विभिन्न प्रकार के पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा–2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट–ऑफ अंक–

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 67.94 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 67.94 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 56.26 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 67.94 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 67.94 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | | कटऑफ अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | | 57.26 |
| 2 | दिव्यांगजन (उपश्रेणी) | बी0 | 07.43 |
| | | एल0वी0 | 60.56 |
| | | डी0 | 02.48 |
| | | एच0एच0 | 56.19 |
| | | ओ0ए0 | 60.80 |
| | | ओ0एल0 | 66.65 |
| | | सी0पी0 | 12.56 |
| | | एल0सी0 | 16.11 |
| | | डीडब्ल्यू0 | 06.01 |
| | | ए0ए0वी0 | 14.90 |
| | | एम0डीवाई0 | 33.94 |
| | | ए0एस0डी0 | 25.81 |
| | | एम0डी0 | 59.23 |
| 3 | महिला | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी अपनी–अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं। |
| 4 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | | 48.09 |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | | 40.91 |

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव